CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 219 □ रायपुर, मंगलवार 2 सितम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98





## अब हितग्राहियों का घर-घर किया जाएगा सर्वे

**रायपुर,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का घर-घर सर्वे होगा. इनमें अधूरे दस्तावेज, निर्धारित पते पर गैरमौजूदगी और मृत्यु की स्थिति में नए सिरे से रिपोर्ट मंगाई जाएगी. महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए. उन्होंने रायपुर जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं, विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, टेक होम राशन वितरण समेत पोषण अभियान की गतिविधियों का ब्यौरा लिया. उन्होंने किसी भी स्तर की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

इंद्रावती भवन में समीक्षा के दौरान विभागीय सचिव ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए. वहीं यह भी निर्देश दिए कि महतारी वंदन योजना में हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे करें. जिन मामलों में लाभार्थी पते पर उपलब्ध नहीं हैं, दस्तावेज अधूरे हैं या हितग्राही की मृत्यु हो चुकी है, उनकी जानकारी तत्काल सत्यापित कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाइजर, सीडीपीओ और डीपीओ पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. इधर रायपुर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी और क्षेत्रीय स्तर के अधिकारी को नियमित रूप से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने भी निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति का आंकलन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें. निरीक्षण केवल औपचारिकता न होकर, सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और हितग्राहियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने का माध्यम होना चाहिए. इसके अलावा टेक होम राशन वितरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए. उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों गर्भवती एवं धात्री माताओं और कुपोषित बच्चों को समय पर, गुणवत्तापूर्ण टेक होम राशन उपलब्ध कराना आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है. राशन वितरण और एंट्री में कोई गड़बड़ी की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. बैठक में संचालक पदुम सिंह एल्मा एवं अन्य अफसर मौजूद रहे।

## आरडीए प्लाट घोटाला : हाईकोर्ट ने 3 अभियंताओं को किया बरी, कारोबारी रमेश झाबक की सजा बरकरार



**बिलासपुर,** 2 सितम्बर (हाईवे चैनल)। हाईकोर्ट ने 1996 में रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) के प्लाट घोटाले मामले में बड़ा फैसला सुनाया. न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल की एकलपीठ ने तीन अभियंताओं को बरी कर दिया, जबकि कारोबारी रमेश झाबक की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उनकी जमानत निरस्त करने का आदेश दिया.

दरअसल, 1997 में दर्ज विशेष आपराधिक प्रकरण में आरोप था कि आरडीए के अधिकारियों ने नियमों को ताक पर रखकर कारोबारी रमेश झाबक को दो प्लाट (ई-1 और ई-15) आवंटित किए. जिसका आवंटन न तो नीलामी से हुआ और न ही विधि अनुसार प्रक्रिया पूरी की गई. इससे प्राधिकरण को लाखों रुपए का नुकसान हुआ. 1997 में लोकायुक्त ने मामला दर्ज कर विशेष अदालत में चालान पेश किया. स्पेशल जज भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ने 26 जुलाई 2000 को तत्कालीन उप अभियंता वेद प्रकाश सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.एल. गजभिये और सहायक अभियंता एच.एस. गुप्ता को दोषी ठहराया था. साथ ही व्यापारी रमेश झाबक को भी साजिश धारा 120-बी आइपीसीका दोषी पाया गया. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने माना, कि ये अधिकारी सिर्फ तत्कालीन चेयरमैन नरसिंह मंडल (अब दिवंगत) के आदेश का पालन कर रहे थे, इसलिए इन्हें भ्रष्टाचार या साजिश का दोषी नहीं ठहराया जा सकता. बरी किए गए अभियंताओं के जमानत और मुचलके खत्म कर दिए गए. कोर्ट ने कहा कि झाबक ने अवैध तरीके से प्लाट हासिल किए और प्राधिकरण को नुकसान पहुंचाया. उनकी दो साल की सजा और 1,000 रुपए जुर्माना बरकरार रखा गया. रमेश झाबक की जमानत निरस्त कर दी गई और उन्हें शेष सजा काटने के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया. राज्य सरकार ने राजस्व अधिकारी आर.एस. दीक्षित की बरी होने के खिलाफ अपील की थी, जिसे हाई कोर्ट ने खारिज करते हुए उनके बरी होने के फैसले को सही ठहराया.

## ब्रेकिंग न्यूज

### विस्फोटक सामग्री के साथ 3 नक्सली गिरफ्तार


**कांकेर,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। जिले के चिंतागुफा इलाके में सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई की. संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया. इनके पास से विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए हैं. पुलिस का कहना है कि इस सामग्री का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात में किया जाना था. गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ की जा रही है और कई अहम खुलासे की संभावना है. ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और इसे पुलिस की बड़ी सफलता बताया है. लगातार हो रही कार्रवाई से नक्सलियों की पकड़ कमजोर होती दिख रही है. पुलिस ने इलाके में अभियान तेज करने का ऐलान किया है. आम लोगों से सतर्क रहने और सूचना देने की अपील की गई है. सुरक्षा बलों का कहना है कि नक्सली गतिविधियों को जड़ से खत्म करने तक अभियान जारी रहेगा.

### दुर्ग पुलिस ने किया 16 क्विंटल गांजा और हेरोइन सहित भारी मात्रा में नशीले पदार्थों का नष्टीकरण



**दुर्ग,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। पुलिस ने सोमवार को नारकोटिक्स ए1ट के तहत जप्त भारी मात्रा में मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया। इस कार्रवाई में १६ क्विंटल गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर, टैबलेट और कैप्सूल सहित बड़ी खेप को नष्ट किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित ड्रग्स डिस्पोजल समिति ने भिलाई इस्पात संयंत्र और नेवई में यह कार्रवाई की। नष्टीकरण के दौरान समिति के सदस्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर और सहायक आबकारी आयुक्त सी.आर. साहू भी मौजूद रहे। आंकड़ों के अनुसार, कुल २३९ प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। इनमें १६२० किलोग्राम गांजा, ८ किलोग्राम गांजे का पेड़, २७७.२९ ग्राम हेरोइन, २१४.३९ ग्राम ब्राउन शुगर, १,९४,८५६ टैबलेट, ७६,२५८ कैप्सूल, १,२१२ सीरप, १,४०० इंजेक्शन, गांजा, हेरोइन, ब्राउन शुगर, टैबलेट और कैप्सूल का नष्टीकरण भिलाई इस्पात संयंत्र में किया गया, जबकि सीरप और इंजे1शन का नष्टीकरण नेवई थाना क्षेत्र में कराया गया। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों के खिलाफ यह सख्त कदम समाज को नशे की बुराई से बचाने और अपराध पर रोक लगाने की दिशा में बड़ा प्रयास है।




**चूहा- सुनती हो, बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा बोलते हैं..!**

**चुहिया- हां जी, लेकिन ऐसा नहीं है, पेट्रोल पंप वाले ही हेलमेट देते हैं...!**

## लूट के दौरान बुजुर्ग को बनाया बंधक फिर चाकू मारकर की हत्या

### मानसिक रुप से अस्वस्थ युवक ने नानी व मां पर किया प्राण घातक हमला, नानी की मौत





**धमतरी** 2 सितम्बर (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि एक गंभीर वारदात हुई जहां एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई है. बताया जा रहा है कि हत्यारे लूट की नीयत से पहुंचे थे और हत्या की वारदात को अंजाम दे दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भानपुरी में बुजुर्ग के घर कुछ अज्ञात बदमाशों ने घर में अकेले रह रहे एक बुजुर्ग को पहले बंधक बनाया। जब बुजुर्ग ने शोर मचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी के घर से नगदी रकम, सोना-चांदी लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच मे जुट गई है। घायल बुजुर्ग को वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान और डुमन साहू की मदद से जिला अस्पताल के मर्चुरी लाया गया।

**ग्राम भानपुरी मे हुई वारदात**

**लुटेरों ने विरोध करने पर बुजुर्ग को मार डाला**

दूसरी घटना में युवक ने अपनी मां और नानी पर डंडा से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिससे नानी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ है। घटना सोमवार रात लगभग 8 बजे की है। घर में लखन्तीन ध्रुव 62 वर्ष और बेटी पूर्णिमा ध्रुव 32 वर्ष थी। इसी बीच आरोपी युवक ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां पर इलाज के दौरान आरोपी की नानी लखन्तिन ध्रुव की मौत हो गई। मां पूर्णिमा ध्रुव गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती है। कोतवाली पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक लेखन ध्रुव 18 वर्ष को हिरासत में ले लिया गया है

### लापता बुजुर्ग महिला की तालाब में मिली लाश



ग्राम आमदी में सोमवार देर रात से लापता हुई एक महिला का शव मंगलवार सुबह तालाब में मिला। मृतका की पहचान रुक्मणी देवांगन (65 वर्ष), पति दुजराम देवांगन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रुक्मणी देवांगन रात लगभग 11 बजे घर से शौच के लिए निकली थीं। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों ने आसपास खोजबीन की और रिश्तेदारों से भी पूछताछ की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सुबह करीब 6:30 बजे ग्राम के कुछ युवकों ने कुंभार तालाब में एक महिला का शव देखा और तुरंत गांव व पुलिस को सूचना दी।

## सूडान में भूस्खलन, 1000 लोगों के मारे जाने की आशंका



**नई दिल्ली,** 2 सितम्बर (न्यूज चैनल)। सूडान के पश्चिमी क्षेत्र दारफुर में भूस्खलन के कारण 1000 लोगों के मारे जाने की खबर है। इस देश पर नियंत्रण रखने वाले विद्रोही समूह- सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने सोमवार को बताया कि कई दिनों की भारी बारिश के बाद तरासिन गांव में रविवार को भूस्खलन हुआ। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये गांव मध्य दारफुर के मर्राह पर्वतों के बीच है। इसे हाल के कुछ वर्षों की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा माना जा रहा है।

**दारफुर का पूरा गांव तबाह**

सूडान लिबरेशन मूवमेंट-आर्मी ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तरासिन गांव में रहने वाले लगभग सभी लोगों की मौत हो चुकी है। केवल एक व्यक्ति ही जीवित बचा है। अनुमान है कि लगभग एक हजार लोग मारे गए हैं। गांव पूरी तरह से तबाह हो चुका है। राहत और बचाव कार्य चलाने में मदद और मलबे के नीचे दबे शवों को बरामद करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों से गुहार लगाई गई है।

## रेत, गिट्टी एवं मुरम का अवैध परिवहन कर रहे 13 हाईवा जब्त



**रायपुर,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई के अंतर्गत 13 हाईवा ट्रकों को जब्त कर संबंधित थाना क्षेत्रों के सुपुर्द किया गया है।

विभाग की टीम ने 31 अगस्त और 1 सितम्बर की दरम्यानी रात आरंग, नयापारा, माना एवं विधानसभा क्षेत्र में नाकेबंदी कर जांच-पड़ताल की। इस दौरान रेत से भरे 8 हाईवा, मुरम से लदे 2 हाईवा तथा गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए 3 हाईवा जब्त किए गए। इन वाहनों को मंदिर हसौद, विधानसभा एवं खरोरा थाना क्षेत्रों की सुपुर्दगी में रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा 15 जून से 15 अक्टूबर तक नदी से रेत उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद अवैध रूप से रेत का परिवहन गरियाबंद, धमतरी, मोमेला एवं महासमुंद क्षेत्रों से अन्य स्थानों हेतु किया जा रहा है।

## दुष्कर्म के आरोपी डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके को नहीं मिली जमानत



**डौंडी,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। डौंडी थाना क्षेत्र के सनसनीखेज दुष्कर्म और आर्थिक शोषण मामले में आरोपी बीजापुर डिप्टी कलेक्टर दिलीप उइके को जिला अदालत से राहत नहीं मिली है. न्यायालय ने पीड़िता की दलीलों और दस्तावेजी साक्ष्यों को गंभीर मानते हुए उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी. पीड़िता, जो कि सीएएफ की महिला आरक्षक है, ने न्यायाधीश के सामने खड़े होकर अपने साथ हुए वर्षों के अत्याचार और दर्दनाक घटनाओं को विस्तार से रखा. महिला ने आरोप लगाया कि दिलीप उड़के ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए, तीन बार जबरन गर्भपात कराया और आर्थिक शोषण भी किया. अपनी बात को साबित करने के लिए उसने बैंक स्टेटमेंट को सबूत के तौर पर पेश किया, जिसे अदालत ने अहम माना. सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने यह तर्क दिया कि महिला झूठे आरोप लगाकर ब्लैकमेल कर रही है।

लेकिन न्यायालय ने इस दलील को नकारते हुए कहा कि प्रस्तुत साक्ष्य और पीड़ित्ता की गवाही आरोपों की गंभीरता को साबित करते हैं. थाना प्रभारी उमा ठाकुर ने जानकारी दी कि मामले में बीएनएस की धारा 69 के तहत अपराध दर्ज है. आरोपी वर्तमान में फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगातार दबिश दे रही है. पुलिस का दावा है कि आरोपी जल्द ही कानून की गिरफ्त में होगा।

## वन विभाग ने लगातार छापेमारी कर लकड़ी की बड़ी खेप पकड़ी, तस्करों में मचा हड़कंप



**कांकेर,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। अवैध सागौन तस्करी के खिलाफ वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 घंटे के भीतर लगातार दो बड़ी कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई में देर रात करीब 3 बजे कोयलीबेडा से कांकेर लाई जा रही लाखों की सागौन लकड़ी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी लकड़ी को टवेरा कार से लेकर आ रहा था, जिसे शहर के बीच घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। मौके से जब्त सागौन लकड़ी और वाहन को वन विभाग ने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई चारामा क्षेत्र में हुई, जहां से वन विभाग की टीम ने 43 नग अवैध सागौन लकड़ी जब्त की। इसके साथ ही दोनों कार्रवाईयों में कुल 56 नग सागौन लकड़ी बरामद की गई है। विभाग ने बताया कि कार्रवाई अभी भी जारी है और जांच पूरी होने के बाद इसमें शामिल लोगों की पूरी जानकारी सामने लाई जाएगी। क्षेत्र में लगातार हो रही इन कार्रवाई से सागौन तस्करों में हड़कंप मच गया है। वन विभाग इस मामले को लेकर सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा खुलासा कर सकती है।

## आंदोलन कर रहे एनएचएम कर्मियों की मांगों के समर्थन में आगे आए बृजमोहन



**रायपुर,** 2 सितंबर (हाईवे चैनल)। दुर्ग के सांसद विजय बघेल के बाद रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के हड़ताली कर्मचारियों के समर्थन में आगे आए हैं। उन्होंने हड़ताली कर्मचारियों का भरोसा दिलाया कि उनकी जायज मांगों का हर स्तर पर समर्थन किया जाएगा। अग्रवाल से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी हड़ताली कर्मचारियों की मांगों पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखा था। उनकी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया था। इसके बाद सोमवार को हड़ताली कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अग्रवाल से मिले। लगभग दो सप्ताह से आंदोलनरत एनएचएम कर्मचारियों का नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने किया।

**दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी स्वास्थ्य मंत्री को लिखा है पत्र**

बृजमोहन अग्रवाल ने कर्मचारियों की मांगों को पूरी गंभीरता से सुना और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि एनएचएम के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ हैं। ग्रामीण और शहरी इलाकों में 24 घंटे आम जनता की सेवा करने वाले इन कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि वे जल्द ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट कर एनएचएम कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए चर्चा करेंगे। एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सकारात्मक रुख और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया हैं।

CMYK